*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*


जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

# डॉ. सतीश पावड़े बने मराठी विश्वकोष निर्माण मंडल सलाहकार समिति के सदस्य

वर्धा,दि. 25 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के प्रदर्शनकारी कला (फ़िल्म एवं नाटक) विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सतीश पावड़े की महाराष्ट्र सरकार द्वारा 'महाराष्ट्र राज्य मराठी विश्वकोष निर्माण मंडल की सलाहकार समिति





के सदस्य के रुप में नियुक्ति की गई है।

डॉ. सतीश पावड़े मराठी विश्वकोष निर्माण मंडल के सलाहकार तथा विदर्भ प्रांत के लिए नाट्यकला अध्याय के लेखक, संकलन, संपादक और समन्वयक के रूप में कार्य करेंगे। डॉ. पावड़े नाट्यलेखक, नाट्य निर्देशक, समीक्षक तथा रंगकर्मी के रूप में पहचाने जाते है। उन्होंने पचास से अधिक नाटकों का लेखन, निर्देशन तथा निर्माण किया है। सौ से अधिक नाट्य कार्यशालाएं उन्होंने संचालित की है। उनकी पंद्रह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। इसके पूर्व वे दो बार महाराष्ट्र सरकार के नाटक सेन्सर बोर्ड के

सदस्य भी रह चुके है। स्मिता पाटील पुरस्कार, युनेस्को क्लब्स एवार्ड, मैग्नम ऑनर एवार्ड, मामा वरेरकर एवार्ड, रेगे नाट्य समीक्षा पुरस्कार, महाराष्ट्र सरकार के उत्कृष्ट नाटककार पुरस्कार जैसे कई पुरस्कार भी उन्हें अब तक प्राप्त हो चुके है।

वे विगत 30 वर्षो से नाटक एवं फ़िल्म क्षेत्र में सक्रिय है। उन्होंने कई वृत्तचित्र, विडिओ फिल्मस तथा वृतनाट्यों ( डॉक्युड्रामा ) का लेखन ,निर्माण तथा निर्देशन किया है। पंद्रह वर्षों तक अखबारों में संपादक के रूप में तथा रिलायंस जैसे मल्टीनेशनल कंपनी में प्रोजेक्ट समन्वयक तथा मीडिया कंसलटेंट के रूप में उन्होंने कार्य किया है। संगीत नाटक अकादमी, भारत सरकार द्वारा हाल ही में उन्हें एक रिसर्च फेलोशिप भी प्रदान की गई है।

महाराष्ट्र राज्य मराठी विश्वकोष निर्माण मंडल, महाराष्ट्र सरकार द्वारा डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय, औरंगाबाद में 'नाट्यकला ज्ञान मंडल' का प्रारंभ किया गया है। इस परियोजना का संचालन समन्वयक के रूप में डॉ. जयंत शेवतेकर कर रहे है। 'नाट्यकला ज्ञान मंडल' के द्वारा विश्वकोष के 'नाट्यकला अध्याय' का निर्माण, संशोधन, परिष्करण कर उसे अद्यतन तथा समृद्ध किया जाएगा। जिसके लिए डॉ . पावडे विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।